दिनांक 24.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के दिये गये निर्देशों के परिपालन में निगम क्षेत्रान्तर्गत बढ़ते मच्छरों के प्रकोप को कम करने के लिए व्हीकल माउण्टेण्ड फागींग मशीन द्वारा धुएं के छिड़काव का कार्य द्वितीय चरण 06 मार्च से निर्धारित कार्यक्रम अनुसार निरंतर जारी है। जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर अंतर्गत 14 मार्च 2018 को वार्ड 10 शांतिनगर कोहका, वार्ड 11 अंबेडकर नगर, 15 मार्च को वार्ड 13 राजीव नगर सुपेला, वार्ड 14 रामनगर मुक्तिधाम, 16 मार्च को वार्ड 15 वैशाली नगर एवं वार्ड 16 कुरुद, 17 मार्च को वार्ड 17 वृन्दानगर, 19 मार्च को वार्ड 18 प्रेमनगर एवं वार्ड 19 शास्त्रीनगर कैम्प–01, 20 मार्च को वार्ड 26 हाउसिंग बोर्ड छावनी एवं वार्ड 27 घासीदास नगर, 21 मार्च को वार्ड 20 प्रगतिनगर एवं वार्ड 21 सुन्दरनगर, 22 मार्च को वार्ड 22 श्यामनगर एवं 23 रविदासनगर, 23 मार्च को वार्ड 24 शारदापारा गांधी चौक एवं वार्ड 25 संतोषीपारा केम्प–02, में कीटनाशक औषधि मैलाथियान के धुएं का छिड़काव कराया गया। मच्छर उन्मुलन छिड़काव अभियान अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आगामी दिवसों 24 मार्च को वार्ड 28 छावनी बस्ती एवं वार्ड 29 खुर्सीपार जोन 02 बापूनगर, 26 मार्च को वार्ड 30 खुर्सीपार जोन–02, बालाजी नगर वार्ड 31 खुर्सीपार जोन–03 दुर्गामंदिर, 27 मार्च को वार्ड 32 न्यू खुर्सीपार राधाकृष्ण मंदिर एवं वार्ड 33 खुर्सीपार जोन–3, 28 मार्च को वार्ड 34 खुर्सीपार जोन–2 नेताजी सुभाष वार्ड एवं वार्ड 35 खुर्सीपार जोन 02 शास्त्रीनगर, 29 मार्च को वार्ड 36 खुर्सीपार जोन 02 गौतम नगर एवं वार्ड 37 खुर्सीपार जोन 01 चन्द्रशेखर आजाद नगर, 30 मार्च को वार्ड 38 खुर्सीपार शहीद वीर नारायण सिंह नगर वार्ड 39 पुरैना में कीटनाशक औषधि के धुएं का छिड़काव कार्य कराया जायेगा। निगम आयुक्त श्री चौहान ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र की साफ–सफाई व्यवस्था का स्वयं भ्रमण कर जोनवार नियुक्त स्वच्छता निरीक्षकों एवं सुपरवाईजर को साथ में रखकर वार्डों के प्रतिदिन होने वाली साफ–सफाई व्यवस्था, रात्रि कालीन में होने वाली सफाई व्यवस्था ऐसे स्थान जहॉ कचरे एकत्रित पाये जाते हैं, नालियों में पानी का बहाव जाम न हों, उस स्थान का तुरंत साफ करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावें।

जनसम्पर्क अधिकारी